Regarding need to remove encroachments in Ramgarh dam area in Jaipur Parliamentary Constituency-Laid

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) **:** मैं सरकार का ध्यान मेरे निर्वाचन क्षेत्र जयपुर शहर के पास स्थित जमवारामगढ़ बांध की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । यहां से जयपुर शहर में पेयजल आपूर्ति की जाती रही है । वर्तमान में यहां पर जल भराव क्षेत्र में अतिक्रमण होने के कारण इसमें वर्षा के पानी की आवक ना के बराबर हो रही है । भराव क्षेत्र में लोगों द्वारा जगह-जगह पर अनिकेत बनाए जाने से इस बांध में पानी की आवक नहीं हो पा रही है । इस बांध में वर्ष 1982 में एशियाई खेलों के दौरान नौकायान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जो 1982 में एशियाई खेलों में नौकायान प्रतियोगिता जयपुर के रामगढ़ बांध में आयोजित हुई थी । यह कल्पना कितनी खतरनाक और भयावह है । जबकि उस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देश-विदेश के नौकायान प्रतियोगी यदि इस बांध को देख ले तो उन्हें अपनी आंखों पर भरोसा ही नहीं होगा कि जिस लबालब भरे बांध में उन्होंने अपनी नौकाएं दौड़ाई थी, अब वहां केवल जंगली झाड़ियां ही दूर तक दिखाई पड़ती है । 30 लाख की आबादी को पानी पहुंचाने वाला एक बांध देखते ही देखते एक वीराने में तब्दील हो गया । राजस्थान में जल संचय करने का यह एक बेजोड़ उदाहरण था । जिसे लगभग सवा सौ साल पहले बनाया था । जयपुर घूमने आने वाले विदेशी पर्यटक सवा सौ साल पुराने इस परंपरागत बांध को अवश्य देखने आते थे । जयपुर शहर के महानगर में बदलते ही इस बांध के कैचमेंट क्षेत्र की जमीनों पर लोगों द्वारा कब्जा करना शुरू कर दिया गया । कब्जा इतना अधिक हो गया कि इस बांध में चार नदियों से आने वाला पानी ही बंद हो गया । मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि रामगढ़ बांध में हो रहे अनाधिकृत कब्जा को तत्काल हटाए जाने की कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे कि इस बांध में पानी का भराव चालू हो सके ।